अंसुवन धार | By Pallavi Chauhan Payal

आँख में अंसुवन धार अब जग से गया मैं हार
तू है मेरा आधार सुना तू बड़ा दयालु है
श्याम तू बड़ा दयालु है

हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा है

तेरी नज़रों में मेरी गिनती है एक ही तुझसे विनती
करूँ सेवा जीवन भर तेरा बहुत बड़ा दरबार
आँख में अंसुवन धार .....

सारा जग है ये धोखा बस तुझपे एक भरोसा
हारे को तू जिताये तेरी बहुत बड़ी सरकार
आँख में अंसुवन धार .....

हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा है

दुनिया ने मुझे रुलाया तब तूने दर पे बुलाया
जीवन में मेरे लिए दिया तूने ये उपहार
आँख में अंसुवन धार .....

इस जग ने जिसे सताया बाबा पलकों पे बिठाया
पायल की नैया की ये श्याम है पतवार
आँख में अंसुवन धार .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%82%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-pallavi-chauhan-payal/